## महिला जज की चेन लूटी

**बीकानेर।** यहा कलेक्टर आवास के पास महिला जज (ट्रेनी) को 2 बदमाशों ने लूट लिया। बदमाशों ने पहले लात मारकर स्कूटी सवार जज को गिरा दिया था। फिर गले से चेन लूट ली। स्कूटी से गिरने के कारण जज के चेहरे पर चोटें आई हैं। दांत भी टूट गया है। जज को टांके भी लगाने पड़े हैं। पीड़ित के पिता एडवोकेट हैं। उन्होंने (पिता) सदर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बीकानेर कोर्ट में पिता प्रैक्टिस करते हैं। वही एएसपी सौरभ तिवारी का कहना है कि लूट का प्रयास हुआ है।

बीकानेर के पब्लिक पार्क से जयनारायण व्यास कॉलोनी की ओर जाने वाले मार्ग पर जिला कलेक्टर आवास के पास से पूजा जनागल (25) शाम को स्कूटी पर जा रही थीं।

इसी दौरान बाइक सवार 2 बदमाश उनके बराबर चलने लगे। इन बदमाशों ने स्कूटी को लात मारी, जिससे पूजा गिर गईं। पूजा बीकानेर के बड़ी जसोलाई इलाके की रहने वाली हैं। मुंह के बल गिरने से उनकी ठुड्डी, नाक और मुंह के अंदर तक चोट लगी है। वो संभल पाती, उससे पहले बदमाशों ने उनके गले से सोने की चेन तोड़ कर फरार हो गए। घायल पूजा जनागल ने अपने पिता श्रवण जनागल को घटना की जानकारी दी। पूजा को पहले पीबीएम हॉस्पिटल के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। वहां उनकी ठुड्डी पर 3 टांके लगाए गए। कुछ जांचें भी करवाई गई हैं। इसके बाद उनके पिता श्रवण जनागल सदर थाने पहुंचे। रात करीब 12 बजे सदर थाने में मामला दर्ज हुआ। घटना मंगलवार शाम करीब 7 बजे की है। पूजा का आरजेएस में चयन साल 2024 में हुआ था। जज के पिता एडवोकेट श्रवण जनागल न एफआईआर में चेन तोड़ने की बात लिखवाई है।

# जनप्रतिनिधियों ने आमजन से मुलाकात कर दी दीपावली की शुभकामनाएं

- **खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने मंगलवार को सादुलगंज स्थित अपने आवास पर दिनभर आमजन से मुलाकात की और उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दी। गोदारा से बीकानेर शहर के अलावा लूणकरणसर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए लोगों ने मुलाकात की। मंत्री गोदारा ने सभी को बधाई दी और कहा कि दीपावली खुशियों और उमंगों का त्योहार है।**

**बीकानेर,** । खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने मंगलवार को सादुलगंज स्थित अपने आवास पर दिनभर आमजन से मुलाकात की और उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दी। गोदारा से बीकानेर शहर के अलावा लूणकरणसर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए लोगों ने मुलाकात की। मंत्री गोदारा ने सभी को बधाई दी और कहा कि दीपावली खुशियों और उमंगों का त्योहार है। यह जीवन में रोशनी लाने वाला महापर्व है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल पर पहली बार पूरे शहर को सजाया गया। देर रात तक लोगों ने बड़ी संख्या में पब्लिक पार्क और आसपास के क्षेत्र में इस सजावट को देखा और पूरे उत्साह के साथ त्योहार मनाया।

खाजूवाला विधानसभा क्षेत्र विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल ने मंगलवार को विधायक सेवा केन्द्र पर बीकानेर शहर सहित खाजूवाला विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों से मुलाकात की। इस दौरान कोटा कृषि विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो. विमला डूंकवाल भी मौजूद रही। विधायक ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी और कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने जनहित के अनेक कार्य किए हैं। इनसे आमजन को राहत मिली है। उन्होंने कहा कि सभी ने मिलजुल कर बीकानेर की परम्परा के अनुसार दीपों का त्यौहार मनाया और एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह स्नेह हमेशा बना रहे। इस दौरान अनेक विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों ने डॉ. डूंकवाल को कुलगुरु बनाए जाने की बधाई दी और बुके भेंट कर उनका अभिनंदन किया। विधायक ने सभी का मुंह मीठा करवाया और आमजन की समस्याएं सुनी।

कोलायत विधानसभा क्षेत्र विधायक अंशुमान सिंह भाटी से मंगलवार को अनेक लोगों ने मुलाकात की और उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी, पूर्व सरपंच राम किसन आचार्य भी मौजूद रहे। विधायक से मिलने वालों में बीकानेर शहर के अलावा कोलायत विधानसभा क्षेत्र के लोग शामिल रहे। इस दौरान विधायक भाटी ने भी सभी को दीपों के महोत्सव की बधाई दी और कहा कि दीपावली का त्यौहार सभी के जीवन में प्रकाश लाए।

बीकानेर (पश्चिम) विधायक जन सेवा केंद्र में मंगलवार को दिनभर रामा-श्यामा का दौर चला। शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने विधायक श्री जेठानंद व्यास को दीपावली की शुभकामनाएं दी। विधायक ने सभी का मुंह मीठा करवाया और पांच दिवसीय दीपोत्सव की बधाई दी। इस दौरान व्यास ने कहा कि विधायक सेवा केंद्र के माध्यम से आमजन की समस्याओं की सुनवाई तथा इनके निस्तारण की दिशा में सतत कार्य किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने विधायक से मुलाकात की।

## मोक्ष कल्याणक दिवस पर घरों में किया मंत्र जाप

**बीकानेर** । गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर म.सा, मुनि मंथन प्रभ सागर, बाल मुनि मीत प्रभ सागर, साध्वी दीपमाला व शंखनिधि के सान्निध्य में भगवान महावीर के मोक्ष कल्याणक दिवस पर मंगलवार को रांगड़ी चौक के सुगनजी उपासरे में तथा अनेक श्रावक-श्रावकाओं ने अपने घरों में मंत्र जाप किया। गणिवर्य, मुनि व साध्वीवृंद के सान्निध्य में बुधवार को सुगनजी महाराज के उपासरे में सुबह छह बजे भगवान महावीर के प्रमुख गणधर गौतम के रास का वांचन, सप्त स्मरण व भक्तामर, शांति स्तोत्र का पाठ होगा। पाठ के बाद गणिवर्य म.सा. के सान्निध्य में श्रावक-श्राविकाएं डागों के महावीर मंदिर में भगवान महावीर के निर्वाण का लड्डू चढ़ाएंगे। मंगलवार को साध्वी शंखनिधि म.सा. के सांसारिक वीर सतीश भंसाली, वीर माता मंजूला, बहिन गरिमा, प्राची, भाई मानव का अभिनंदन वरिष्ठ श्रावक विजय चंद पारख, कृष्ण लूणिया व पंकज सिंघवी, वीर श्राविका पुष्पा कोचर व पुष्पा बोथरा ने किया। वीर प्रभु महावीर की अंतिम देशना व पुण्यपाल राजा के स्वप्नों का वर्णन किया। उन्हांने ''जैन शब्द'' की व्याख्या करते हुए कहा कि आत्म-परमात्म स्वरूप को पहचानने वाला तथा देव, गुरु व धर्म तथा परमात्मा के शासन की आज्ञाओं का पालन करने वाला जैनी कहलाता है। परमात्मा का शासन शेर जैसा है, उसमें प्रवेश करने पर कल्याण है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कुछ लोग देव, गुरु व धर्म की आराधना को बोसिरा (त्याग) कर अपना आत्मिक अनर्थ कर रहे है। देव पूजा से हमारा संसार हरा भरा रहता है।

## सार-समाचार

### नायब तहसीलदार ने किया औचक निरीक्षण

**बज्जू,** । प्रशासन ने समर्थन मूल्य खरीद पंजीकरण में गड़बडियों और किसानों द्वारा अधिक शुल्क वसूलने की शिकायतों पर कार्रवाई की है। बुधवार दोपहर को नायब तहसीलदार नितिन पुरोहित ने बज्जू स्थित ईमित्र केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। क्षेत्र में खरीफ फसल, मुख्य रूप से मूंगफली की सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीद होनी है। इसके लिए किसानों को राजफैड पोर्टल पर ईमित्र के माध्यम से पंजीकरण करवाना होता है। 18 अक्टूबर से शुरू हुई पंजीकरण प्रक्रिया सर्वर पर दबाव के कारण धीमी चल रही है। इस धीमी गति के कारण किसानों में पंजीकरण की होड़ लग गई, जिससे ईमित्र केंद्र संचालकों द्वारा मनमानी और अधिक राशि वसूलने की शिकायतें आम हो गईं। किसानों की शिकायतों के बाद नायब तहसीलदार नितिन पुरोहित ने ईमित्र केंद्रों पर रेट लिस्ट, पारदर्शी प्रक्रिया, फर्जी गिरदावरी और बंद ईमित्रों की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि फर्जी गिरदावरी, अधिक राशि वसूलने और ईमित्र बंद कर अन्यत्र काम करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुरोहित ने यह भी कहा कि उनकी टीम नियमित रूप से निरीक्षण करेगी ताकि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार किसानों को लाभ मिल सके। भारतीय किसान संघ के तहसील अध्यक्ष गंगाबिशन गोदारा ने सुझाव दिया कि तहसील प्रशासन प्रत्येक ईमित्र केंद्र पर एक प्रमाणित रजिस्टर रखे, जिसमें प्रतिदिन आने वाले किसानों का नंबर दर्ज कर क्रमश: उनका ऑनलाइन पंजीकरण किया जाए। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और मनमानी रुकेगी। वहीं, ईमित्र संचालक जोशीराम ने बताया कि राजफैड द्वारा पूरे राजस्थान में एक साथ टोकन पंजीकरण शुरू करने से सर्वर पर भारी ट्रैफिक है, जिससे ऑनलाइन पंजीकरण बहुत धीमे हो रहे हैं और केंद्रों पर किसानों की भीड़ बढ़ रही है। उन्होंने मांग हैं कि पिछले साल की तरह संभागवार पंजीकरण शुरू किया जाए, जिससे सर्वर पर लोड कम हो और प्रक्रिया सुगम हो।

### टैक्सी पटरियों के बीच जा फंसी

**बीकानेर।** शहर की यातायात व्यवस्था के लिए सिरदर्द बन चुका कोटगेट फाटक मंगलवार देर रात फिर सुर्खियों में आ गया। देर रात यहां ऐसा नज़ारा देखने को मिला जिसने आसपास मौजूद लोगों की सांसें रोक दीं। दरअसल, रेलवे फाटक बंद होने से कुछ सेकंड पहले एक टैक्सी चालक ने जल्दबाजी में फाटक पार करने की कोशिश की, लेकिन टैक्सी सीधे पटरियों के बीच जा फंसी। अचानक हुए इस घटनाक्रम से टैक्सी में बैठी सवारियां घबराकर चीखने लगीं। उसी दौरान गेट संचालक ने गेट बंद कर टेक्सी चालक को फटकार लगाई। बात यहीं नहीं थमी चालक भड़क उठा और दोनों के बीच पटरियों के बीचोंबीच तीखी बहस शुरू हो गई। चंद मिनटों में ही फाटक के पास लोगों की भीड़ जमा हो गई और माहौल गर्मा गया। इस बीच ट्रेन आने की आशंका से अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने समझदारी दिखाते हुए टैक्सी को धक्का देकर पटरियों से बाहर निकाला। इसके बाद ही सभी ने राहत की सांस ली।लोगों का कहना है कि कोटगेट फाटक पर ऐसे हालात रोजमर्रा की बात बन चुके हैं। न तो जाम से राहत मिल रही है, न ही अव्यवस्था से।

### टीन शेड आदि कार्यों की अभिशंसा

**बीकानेर** । बीकानेर (पश्चिम) विधानसभा क्षेत्र जेठानंद व्यास ने वार्ड 23 के भार्गव मोहल्ले में कोरल गिरधर नगर के सामने स्थित सार्वजनिक श्मशान भूमि में विश्राम स्थल और टीन शेड व अन्य विकास कार्यों के लिए 15 लाख रुपए की स्वीकृति की अभिशंसा की है। यह राशि विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के तहत स्वीकृत की जाएगी। इस स्वीकृति पर वार्ड 23 की पूर्व पार्षद श्रीमती शांति देवी ने प्रसन्नता जताई है।

### संगीतमय दीपावली मिलन आज

**बीकानेर।** अमन कला केंद्र द्वारा आगामी 23 अक्टूबर को दोपहर 3:00 से 6:00 तक अपना घर वृद्ध आश्रम वृंदावन एंक्लेव कॉलोनी में वृद्ध भाइयों को खुशियां प्रदान करने के लिए एक संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा संस्था के अध्यक्ष एम रफीक कादरी व अपना घर के ज्ञान ने बताया की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एन डी रंगा अध्यक्ष सखा संगम होंगे कार्यक्रम में बीकानेर के जाने-माने गायक कलाकार अपने गीतों की प्रस्तुतियां देंगे।

## काकड़ा स्कूल 1100 दीपों से सजा

**काकड़ा** । यहा गांव के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया गया। स्कूल परिसर को 1100 दीपकों से सजाया गया, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

बिरजू पारीक ने बताया कि यह कार्यक्रम विद्याथिर्यों और शिक्षकों की संयुक्त पहल पर आयोजित किया गया था। इसका उद्देश्य पारंपरिक उत्सव की रौनक बनाए रखना और स्कूल में एकता तथा सांस्कृतिक भागीदारी को बढ़ावा देना था। स्कूल के मैदान और कक्षाओं के बाहर रंगोली व माला-अलंकरण के साथ 1100 मिट्टी के दीये शाम को एक साथ जलाए गए। इस अवसर पर प्राथमिक से लेकर हाई-स्कूल तक के लगभग सभी छात्र-छात्राएं, शिक्षक और पेरेंट्स मौजूद रहे । ग्रामवासियों और विद्यार्थियों ने मिलकर दीप जलाकर सामूहिक भाईचारे और प्रकाश के महत्व को दर्शाया। बिरजू पारीक ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के दौरान साफ-सफाई और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया। दीयों के पास अग्नि सुरक्षा के इंतजाम, पानी के ड्रम और आपातकालीन दल तैनात थे। शिक्षकों ने बच्चों को दीप जलाते समय सुरक्षात्मक निर्देश भी दिए ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों ने भी इस दीपमाला की सराहना की। कई अभिभावकों ने अपने बच्चों के साथ मिलकर दीप जलाए और त्योहार की खुशियां साझा कीं।

## लापता मानसिक कमजोर युवक परिजनों से मिला

**बीकानेर।**यहा के छत्तरगढ़ में पुलिस की सतर्कता से लापता मानसिक रूप से कमजोर युवक को उसके परिजनों से मिलाया गया। युवक मोहम्मद बिलाल, जो बाराबंकी, उत्तर प्रदेश का निवासी है, 12 अक्टूबर को अपने घर से लापता हो गया था।

मोहम्मद बिलाल छत्तरगढ़ क्षेत्र में पहुंच गया था, जहां पुलिस थाना छत्तरगढ़ के आसूचना अधिकारी कॉन्स्टेबल पारसराम ने उसे देखा। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए युवक की पहचान की और उसके परिवार से संपर्क स्थापित किया।

सूचना मिलने पर परिजन छत्तरगढ़ पहुंचे। उन्होंने अपने भाई मोहम्मद बिलाल को सकुशल पाकर पुलिस का आभार व्यक्त किया। परिवार छत्तरगढ़ पुलिस थाना के समस्त स्टाफ को धन्यवाद देते हुए मोहम्मद बिलाल को अपने साथ लेकर बाराबंकी के लिए रवाना हो गया।

## 'उर्वरक डीएपी के स्थान पर एसएसपी एवं एन पी के का प्रयोग करें'

**बीकानेर,** । संयुक्त निदेशक (कृषि) मदन लाल ने बताया कि एसएसपी एक फॉस्फोरस युक्त उर्वरक है, जिसमें कि 16 प्रतिशत फॉस्फोरस एवं 11 प्रतिशत सल्फर की मात्रा पाई जाती है। इसमें उपलब्ध सल्फर के कारण यह उर्वरक तिलहन एवं दलहन फसलों के लिए अन्य उर्वरकों की अपेक्षा अधिक लाभदायक होता है। एसएसपी उर्वरक का उत्पादन राज्य में होने के कारण आसानी से उपलब्ध है। एक बैग डीएपी की कीमत में तीन बैग एसएसपी खरीदे जा सकते हैं। तीन बैग एसएसपी से मिलने वाले पोषक तत्वों का मूल्य लगभग उन्नीस सौ रुपए होता है, जो एक बैग डीएपी में मिलने वाले पोषक तत्वों के मूल्य 1 हजार 350 से अधिक है। एसएसपी के साथ यूरिया का उपयोग कर फसल बुवाई के समय आवश्यक नाइट्रोजन, फॉस्फोरस एवं सल्फर पोषक तत्वों की पूर्ति कम लागत में ही आसानी से की जा सकती है। सहायक निदेशक (कृषि) उद्यानिकी मुकेश गहलोत ने बताया कि एनपी के ग्रेड्स उर्वरकों के उपयोग द्वारा संतुलित पोषण फसलों को मिलता है। नाइट्रोजन, फॉस्फोरस व पोटाश मुख्य पोषक तत्व फसलों को मिलते है। फसलों में संतुलित पोषण के लिए डीएपी के बजाय एन पी के (नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटाश) ग्रेड्स उर्वरक अधिक उपयुक्त है। मृदा की उर्वरा क्षमता बनाये रखने एवं फसल का समुचित उत्पादन लेने हेतु मृदा परीक्षण के आधार पर की गयी अनुशंषा एवं फसल अवस्था अनुसार उपयुक्त ग्रेड के एन पी के उर्वरक का उपयोग किया जावे।

## दिन भर चला राम-राम का दौर

**बीकानेर** । दीपावली के दूसरे दिन मंगलवार को दिनभर राम-राम का दौर चला। केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने सांसद सेवा केन्द्र में मुलाकात की और दीपावली की शुभकामनाएं दी। केन्द्रीय मंत्री ने भी सभी को दीपोत्सव की बधाई दी और उनका मुंह मीठा करवाया। इस दौरान मेघवाल ने कहा कि दीपावली पर पूजन के दूसरे दिन राम-राम करने की परम्परा अपने आप में अनूठी और महत्वपूर्ण है। परिवार के सभी लोगों एक-दूसरे का अभिवादन करते हैं। छोटे, बड़ों का आशीर्वाद लेते तथा बड़े, सभी छोटों का आशीर्वाद देते हैं। इससे संस्कारों में और अधिक प्रगाढ़ता आती है। उन्होंने कहा कि इस बार दिवाली बेहद खास रही। शहर में बेहतरीन साज-सज्जा की गई। बाजारों में अधिक रौनक रही। शहरवासियों ने प्रधानमंत्री के 'वोकल फोर लोकल' के आ ान को स्वीकारा और स्वदेशी उत्पादों की खरीद भी अधिक हुई।

## मंत्री मेघवाल ने जवानों के साथ मनाई दिवाली

- **दीप जलाए, मुंह करवाया मीठा, 'वोकल फॉर लोकल' का दिया संदेश**
- **दीपावली हमारे जीवन में प्रकाश के महत्त्व को समझाने वाला त्यौहार है**

**बीकानेर,** । केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोमवार को बीएसएफ जवानों के साथ दिवाली का त्यौहार मनाया। उन्होंने जवानों और उनके परिजनों को दीपावली की शुभकामनाएं दी। मेघवाल ने दीप प्रज्वलित किए। मिठाई खिलाकर जवानों का मुंह मीठा करवाया और फुलझडियां जलाकर खुशियां मनाई।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा बल के जवानों के देश सेवा के जज्बे की बदौलत देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारे जवानों ने अपने शौर्य से दुनिया में भारत का मान बढ़ाया। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले जवान आपसी भाईचारा, प्रेम और अखंडता का संदेश देते हैं। इनके साथ त्यौहार मनाना गर्व की अनुभूति है। उन्होंने 'वोकल फिर लोकल' का संदेश देते हुए स्थानीय आर्टिजन, मिट्टी के दीपक बनाने वालों को प्रोत्साहित करने का आ ान किया।केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने कहा कि दीपावली हमारे जीवन में प्रकाश के महत्त्व को समझाने वाला त्यौहार है। उन्होंने कहा कि इस दिन जीवन में प्रकाश को प्रवेश की अनुमति दें। प्रकाश के प्रवेश से अंधेरा दूर होता है।इस दौरान बीएसएफ के अधिकारी, जवान और गुमान सिंह राजपुरोहित, तेजाराम मेघवाल, रवि अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## बीकानेर के खिलाडियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**बीकानेर,** 32 वीं सब-जूनियर, 8वीं कैडेट एवं 32 वीं जूनियर राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में बीकानेर के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 गोल्ड मेडल के साथ 25 मेडल पर अपना कब्जा जमाया। कोटा के रघुराई इंडोर कॉम्प्लेक्स नयापुरा में आयोजित राजस्थान स्टेट सब-जूनियर, कैडेट और जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2025 राजस्थान ताइक्वांडो एसोसिएशन के मार्गदर्शन में आयोजित हुई। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के मुख्य आतिथ्य में एवं राजस्थान ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष उत्तम सैनी, महासचिव लक्ष्मण सिंह हाडा के सानिध्य में मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्जवलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सभी जिलों के लगभग 600 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। बीकानेर जिला ताइक्वांडो संघ सचिव राजेंद्र बुरानिया ने बताया कि खिलाडि़यों ने अनुशासन और जोश के साथ खेलते हुए बीकानेर का नाम पूरे राज्य में रोशन किया। स्वर्ण पदक विजता काम्या तंवर , खुश स्वामी, मोहित शर्मा, हर्षवर्धन, कोमल राठौड़, ऋषभ कुमार

रजत पदक विजेता वंशिका चौधरी, सृष्टि बुरानिया, नवीन भाकर, अभय सिंह , वेद सिंह, चंद्रकांत , कांस्य पदक विजेता सोमिया राठौड़, मानवी राठौड़, अर्जुन सिंह, भूपेन्द्र शर्मा, अरनव, मुदित, राकेश, हर्षवर्धन, हिमांशु , दिव्यांशी, कार्तिक, श्यम, जतिन ने मेडल जीते।

## डॉ. सुरेंद्र वर्मा का स्वागत

**बीकानेर** । सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के नव नियुक्त प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार वर्मा के स्वागत का सिलसिला लगातार जारी है। उनके प्राचार्य बनने के उपलक्ष्य में विभिन्न सामाजिक संगठन और समाजसेवी उनके सम्मान में स्वागत समारोह आयोजित कर रहे हैं। इसी कड़ी में समाजसेवी शिवदान सिंह और खत्री मोदी समाज के प्रमुख सदस्यों ने डॉ. वर्मा का हार्दिक स्वागत किया।

स्वागत समारोह में खत्री मोदी समाज से जी.एस. खत्री, ईश्वर दयाल मोदी, डॉ. देवेंद्र खत्री, डॉ. मोहित, डॉ. एल.के. कपिल, अशोक खेमानी, दिनेश मोदी सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। इस अवसर पर समाजसेवी शिवदान सिंह ने कहा कि डॉ. सुरेंद्र वर्मा एक कुशल चिकित्सक होने के साथ-साथ एक सक्षम प्रशासक भी हैं।

## जिला स्तरीय शिविर 24 को

- **आवश्यकता के अनुसार लाभार्थी/दावेदार के केवाईसी अपडेट, दावा प्रपत्र भरने और दस्तावेज सत्यापन में भी सहयोग प्रदान किया जाएगा। अग्रणी जिला प्रबंधक ने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में शामिल होकर भारत सरकार की कल्याणकारी पहल का लाभ उठाने का आह्वान किया**

**बीकानेर** । राज्य में वित्तीय सेवाएं विभाग, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत 'आपकी पूँजी, आपका अधिकार' जन-जागरूकता अभियान के तहत जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता कोष पर जिला स्तरीय जागरूकता एवं सहायता शिविर 24 अक्टूबर को रवींद्र रंगमंच पर आयोजित किया जाएगा। शिविर का आयोजन जिला कलेक्टर के नेतृत्व और राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के मार्गदर्शन में प्रत्येक जिले के अग्रणी जिला कार्यालय द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी बैंक, बीमा, पेंशन, प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अवैतनिक निधि की सहभागिता होगी।ऽ राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के संयोजक एम. अनिल राजस्थान ने बताया कि इस श्रृंखला के द्वितीय चरण में 24 अक्टूबर को बीकानेर में जिला कलेक्टर और अग्रणी जिला प्रबंधक की देखरेख में प्रात: 10 से सायं 6 बजे तक रवींद्र रंगमंच में विशेष शिविर आयोजित किया जायेगा। इस शिविर में नागरिकों को अनक्लेम्ड जमा, अनक्लेम्ड बीमा दावे, अनक्लेम्ड डिविडेंड, अनक्लेम्ड शेयर एवं म्यूचुअल फंड प्राप्त करने के लिए सहायता काउंटर उपलब्ध कराए जाएंगे।

आवश्यकता के अनुसार लाभार्थी/दावेदार के केवाईसी अपडेट, दावा प्रपत्र भरने और दस्तावेज सत्यापन में भी सहयोग प्रदान किया जाएगा। अग्रणी जिला प्रबंधक ने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में शामिल होकर भारत सरकार की कल्याणकारी पहल का लाभ उठाने का आ ान किया है।

अभियान के तहत विभिन्न जिलों में 31 दिसंबर 2025 तक इन शिविरों का आयोजन चरणबद्ध रूप से किया जाएगा।राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के इस प्रयास से नागरिकों को उनकी जमा पूँजी और निवेश के अधिकारों के प्रति जागरूक करने और सुविधाजनक तरीके से लाभ दिलाने के प्रयास होंगे।

## रोडवेज बस में बुजुर्ग महिला का सोने का लॉकेट चोरी

**श्रीगंगानगर** । यहा 70 साल की बुजुर्ग महिला का चलती बस में सोने का लॉकेट चोरी हो गया। रोडवेज बस में यात्रा कर रही महिला को चोरों ने निशाना बनाया और भीड़ का फायदा उठाकर गले से लॉकेट चोरी कर लिया। महिला दवाई लेने हॉस्पिटल जा रही थी, इस दौरान वारदात हुई। घटना रायसिंहनगर क्षेत्र की है।घटना बुधवार दोपहर की है, जब बुजुर्ग महिला घड़साना से रायसिंहनगर के सरकारी हॉस्पिटल दवाई लेने आई थीं। रोडवेज बस में यात्रा के दौरान ही किसी ने उनके गले से सोने का कीमती लॉकेट उड़ा लिया। महिला ने तुरंत बस ड्राइवर को सूचना दी। इसके बाद बस स्टैंड पर रायसिंहनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बस की चेकिंग की और यात्रियों से पूछताछ की, लेकिन चोरों का कोई पता नहीं चला। बस में मौजूद यात्रियों ने बताया कि ऐसी चोरियां अब आम हो गई हैं। हर रोज बसों में इस तरह की घटनाएं हो रही हैं।

# पुलिस शहीदों को शस्त्र और शीश झुका कर किया नमन

- **पुलिस अधीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारियों व सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों ने दी श्रद्धांजलि**
- **शहीदों की स्मृति में पुलिस अधीक्षक सहित सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों ने किया वृक्षारोपण व रक्तदान**

**बूंदी।** राष्ट्र के लिए कर्तव्य पर शहीद होने वाले पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि देने के लिए पुलिस परेड ग्राउंड में पुलिस शहीद दिवस का आयोजन किया गया। पुलिस अधिकारियों व जवानों ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी। पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा ने इस वर्ष शहीद हुए पुलिसकर्मियों के बारे में जानकारी दी । शहीदों को हथियार व शीश झुका कर शोक सलामी दी गई । उनके सम्मान में दो राउंड फायरिंग भी की गई। इस अवसर पर पुलिस बल द्वारा 8 यूनिट स्वेच्छिक रक्तदान किया।

शहीद दिवस पर बहादुर दिलों को ऐसे किया याद

पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित शहीद दिवस समारोह में जिला पुलिस अधीक्षक बून्दी श्री राजेन्द्र कुमार मीणा ने देश के सभी प्रान्तों, केन्द्र शासित प्रदेशों व अर्द्ध सैन्य बलों के विभिन्न संवर्ग के गत वर्ष शहीद हुए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पदनाम व उनके नाम का वाचन कर उन्हें याद कर सम्मान दिया गया। अपने कर्तव्य के प्रदर्शन में पुलिसकर्मियों द्वारा किए गए बलिदान की गवाही के रूप में पुलिस परेड ग्राउंड में राईफल और टोप से बने स्मारक पर जिला पुलिस अधीक्षक बून्दी ने पुष्प चक्र अर्पित कर वर्ष में शहीद हुए पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि दी। संचित निरीक्षक बहादुर सिंह उ.नि. के नेतृत्व में पुलिस की सम्मान गार्ड द्वारा शस्त्रों को उलट शोक शस्त्र कर दिवंगत आत्माओं के सम्मान में दो मिनट का मौन रखा गया। पुलिस बैंड कर्मियों ने लास्ट पोस्ट धुन बजाई। शहीदों के सम्मान में परेड में शामिल पुलिस कर्मियों द्वारा राईफल से दो-दो राउंड फायरिंग की गई। कार्यक्रम में मौजूद सभी अधिकारियों ने शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र एवं पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी शहीद हुए पुलिस कर्मियों को सलामी दी गई। आज से 66 वर्ष पूर्व 21 अक्टूबर के ही दिन 1959 में लद्दाख के दुर्गम क्षेत्र में भारतीय पुलिस के जवानों ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिये थे। इन वीरों के बलिदान को याद करने व प्रेरणा ठाहण करने के उद्देश्य से देश के हर पुलिस संगठन व संस्थान में प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस शहीद दिवस मनाया जाता है। समारोह में जिला पुलिस अधीक्षक सहित सभी पुलिस अधिकारियों ने मौके पर शहीदों की स्मृति में पौधारोपण किया। शहिद दिवस के अवसर पर जिले में पुलिस बल द्वारा 8 यूनिट स्वेच्छिक रक्तदान भी किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा के अलावा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला बून्दी श्रीमती उमा शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महिला अपराध अनुसंधान सैल श्री जसवीर मीणा, वृताधिकारी बून्दी व मख्यालय पर स्थित कार्यालयो मे पदस्थापित पुलिस कार्मिक एवं पुलिस थानो के थानाधिकारी सहित पुलिस अधिकारी व पुलिस जवान एवं सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## नई व्यवस्था से किसानों को मिली राहत

**रायसिंहनगर,** करीब 20 दिनों के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार रायसिंहनगर कृषि उपज मंडी में मूंग की बोली शुरू हो गई है। नई व्यवस्था के तहत बोली लगने से किसानों को बड़ी राहत मिली है, जो बंपर पैदावार के बावजूद बोली न लगने से परेशान थे। इस बार मूंग की बंपर पैदावार हुई थी, लेकिन पिछले 20 दिनों से मंडी में बोली नहीं लग पा रही थी। इससे किसान काफी चिंतित थे और उन्हें अपनी फसल बेचने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। कृषि उपज मंडी समिति सचिव विमल कुमार की पहल पर एक नई कायऱ्योजना लागू की गई। इसके तहत पूरी अनाज मंडी को चार श्रेणियों – ए, बी, सी और डी – में बांटा गया। प्रत्येक श्रेणी में न्यूनतम दो और अधिकतम दस ढेरियों की बोली का प्रावधान तय किया गया। इस सुव्यवस्थित प्रणाली के कारण लगभग 60 प्रतिशत से अधिक दुकानों पर मूंग की बोली सफलतापूर्वक संपन्न हुई।


**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/4425 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : ../../2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 14 के किला नं. 17 में भूखण्ड संख्या का माप 15'0'' गुणा 60'-0'' फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्री गिरधारीलाल पुत्र श्री रिछपाल जैन निवासी 137 ए ब्लॉक पदमपुर श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अत: उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री गिरधारीलाल पुत्र श्री रिछपाल जैन निवासी 137 ए ब्लॉक पदमपुर श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 14 के किला नं. 17 में भूखण्ड संख्या का माप 15'0'' गुणा 60'-0'' फीट का नियमन/पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन /पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वत: ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/4426 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : ../../2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 14 के किला नं. 17 में भूखण्ड संख्या का माप 15'0'' गुणा 60'-0'' फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्री ज्योति कुमार अग्रवाल पुत्र श्री हरिमोहन अग्रवाल निवासी 16 जे ब्लॉक श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अत: उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री ज्योति कुमार अग्रवाल पुत्र श्री हरिमोहन अग्रवाल निवासी 16 जे ब्लॉक श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 14 के किला नं. 17 में भूखण्ड संख्या का माप 15'0'' गुणा 60'-0'' फीट का नियमन/पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन /पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वत: ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/4433 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 21.10.2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 64 के किला नं. 5 में भूखण्ड संख्या का माप 15 गुणा 50'' फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्रीमती कमलेश रानी पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार निवासी निवासी 59 हरदीप सिंह कॉलोनी वार्ड नं. 20 श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अत: उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती कमलेश रानी पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार निवासी निवासी 59 हरदीप सिंह कॉलोनी वार्ड नं. 20 श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. [illegible]
- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 14.10.2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 2 ई छोटी मुरब्बा नं. 62 के किला नं. 23,24 में भूखण्ड का माप 15' गुणा 45'-0'' फीट के नियमन/पटटा हेतु आवेदक श्रीमती अनीता कश्यप पत्नी श्री राजीव कश्यप निवासी 5/6 अशोक नगर - बी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अत: उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती अनीता कश्यप पत्नी श्री राजीव कश्यप निवासी 5/6 अशोक नगर - बी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 2 ई छोटी मुरब्बा नं. 62 के किला नं. 23,24 में भूखण्ड का माप 15' गुणा 45'-0'' फीट का नियमन/पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन /पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वत: ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
Rajkaj Ref. No. 18207814 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
क्रमांक : नियमन/2025/ 4434 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 21-10-25
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 14 के किला नं. 01 में भूखण्ड संख्या का माप 27''गुणा 52'-6'' फीट के नियमन/पटटा हेतु आवेदक श्री विजय कुमार पुत्र श्री रोशनलाल बायोलॉजिकल पिता कपूर चंद निवासी वार्ड संख्या 14 गीता भवन वाली गली पदमपुर, जिला श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अत: उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री विजय कुमार पुत्र श्री रोशनलाल बायोलॉजिकल पिता कपूर चंद निवासी वार्ड संख्या 14 गीता भवन वाली गली पदमपुर, जिला श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 14 के किला नं. 01 में भूखण्ड संख्या का माप 27''गुणा 52'-6'' फीट का नियमन/पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वत: ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। RajKaj Ref No.: 18195982 -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
क्रमांक : नियमन/2025/ 4435 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 21-10-25
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 8 के किला नं. 11 में भूखण्ड संख्या का माप 33 गुणा 65'' फीट के नियमन/पटटा हेतु आवेदक श्री आशीष पुत्र श्री राजेन्द्र पूनिया निवासी चक 5 ई छोटी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अत: उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री आशीष पुत्र श्री राजेन्द्र पूनिया निवासी चक 5 ई छोटी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 8 के किला नं. 11 में भूखण्ड संख्या का माप 33 गुणा 65'' फीट का नियमन/पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वत: ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/4431 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 21.10.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रजनी स्वामी पत्नी श्री सुरिन्द्र कुमार निवासी म.न. ई-57 ए, गली नं. 9, नजदीक बेकरी, शिव नगर, एसएसबी रोड, चक 3 ई छोटी, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 3/4 किला नं. 06 में माप 15 इंटु 67.6 फीट भू.सं. बी-24 उत्तरी हिस्सा, रामलाल कॉलोनी, श्रीगंगानगर | उक्त भूखंड का नियमन पट्टा सं. 17008 दिनांक 18.10.2022 को श्री विजय सिंह पुत्र श्री इन्द्र सिंह के नाम से जारी किया हुआ है। | श्रीमती रजनी स्वामी द्वारा उक्त भूखंड को पंजीकृत बैयनामा दिनांक 26.09.2025 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखंड का ऑनलाईन नामान्तरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्रीमती रजनी स्वामी पत्नी श्री सुरिन्द्र कुमार निवासी म.न. ई-57 ए, गली नं. 9, नजदीक बेकरी, शिव नगर, एसएसबी रोड, चक 3 ई छोटी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/ दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/849 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर